

*बार्सिलोना की टैराकोटा बालकनी हमेशा से इस ''सिटी ऑफ लव'' का प्रतीक रही हैं। लेकिन एक प्रस्तावित मेक ओवर के तहत यह सब कुछ बदल सकता है। मेक ओवर में, गर्म हवाओं के नुकसानदायक प्रभाव को कम करने के लिए स्पेन के इस शहर की छतों पर सफेद रंग किया जाएगा। गर्म हवाओं के कारण शहर का तापमान 8 डिग्री तक बढ़ गया है। जलवायु बदलाव की वजह से युनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना के वैज्ञानिकों ने एक नाटकीय प्रस्ताव रखा, जिससे शहर का स्वरुप बदल सकता है, पर शहर के अच्छे के लिए। वैज्ञानिकों का दावा है कि शहर की छतों पर सफेद रंग करने से गर्मी में तापमान 4.7 डिग्री तक कम हो सकता है। हालिया आंकड़ों के अनुसार वैश्विक औसत की तुलना में यूरोप ज्यादा तेजी से गर्म हो रहा है। यहां वार्षिक तापमान 1.7 से 1.9 डिग्री के बीच बढ़ रहा है। बार्सिलोना भी कोई अपवाद नहीं है। सन् 2020, इस शहर का गत दो सौ सालों में सबसे गर्म वर्ष रहा है, जब यहां औसत तापमान 16.8 डिग्री दर्ज किया गया। इस समस्या के जवाब में क्लाइमेट चेन्ज पर शोध कर रहे वैज्ञानिक शहर की छतों पर सफेद रंग करने के प्रोजैक्ट पर काम कर रहे हैं। ऑटोनोमस युनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना के मौसम विज्ञानी सैर्जी वैन्चुरा ने कहा, ''अध्ययन में हमने पाया कि ''हीटवेव'' के दौरान तापमान 0.8 डिग्री तक कम हो गया। कुछ जगहों पर तथा दिन के कुछ घंटों में तापमान 4 डिग्री तक कम हो गया।'' रिसर्च बताती है कि, बार्सिलोना में जो भवन निर्माण सामग्री इस्तेमाल होती है वह दिन में सौर विकिरणों को थामे रखती है जिससे शहर भर में गर्मी बढ़ जाती है। इसकी बजाय छत पर सफेद रंग करने से छतों को ठंडा दिया जा सकता है, इससे धूप परावर्तित हो जाएगी और इमारतों का तापमान कम हो जाएगा। इसके लिए वैज्ञानिक अरबन मास्टर प्लान जैसी इकाइयों को साथ जोड़ रहे हैं जो छतों पर सफेद रंग करने को तैयार हो गए हैं।*

# कोटा थर्मल के ठेका श्रमिकों को 3 माह से वेतन नहीं मिला

- राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ की कोटा थर्मल इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि, कोटा थर्मल की सात इकाइयों के संचालन, रख रखाव, कोल हैंडलिंग प्लांट का काम बड़ी कम्पनियों को ठेके पर दे रखा है, ये कम्पनियां अपने श्रमिकों को समय पर वेतन नहीं दे रही हैं।
- श्रमिकों ने बताया कि करोना की तीसरी लहर एवं महंगाई की मार से आर्थिक स्थिति पहले ही खराब है और वेतन नहीं मिलने से तो हालत दयनीय हो गई है।

कोटा, 20 जनवरी (निसं)। कोटा सुपर थर्मल में कार्यरत 2500 से अधिक ठेका श्रमिकों में से अधिकांश को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिल पर रहा है। बिजलीघर में नियमित बिजली पैदा करने के बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलने से गरीब मजदूर परिवारों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।

राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ की कोटा थर्मल इकाई के अध्यक्ष रामसिंह शेखावत ने बताया कि कोटा थर्मल की सातों इकाइयों के संचालन, मेंटीनेंस, कोल हैण्डलिंग प्लांट आदि में बाहर की बड़ी कम्पनियों को ई-टेंडर दिये हुये हैं।

इनके अधीन काम करने वाले ठेका श्रमिकों को हर महीने समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि ई-टेंडर लेने वाली बड़ी कंपनियां छोटे ठेकेदारों को कम दरों पर पेटी आधार पर ठेका दे देती है, जिससे ठेका श्रमिकों को 6 से 7 हजार रुपये का मासिक वेतन भी समय पर नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्लांट की अधिकांश लोकेशनों को ठेके पर दे दिया गया है, इसके बावजूद ठेका मजदूरों को प्रतिमाह समय पर वेतन भुगतान नहीं करके श्रम कल्याण कानून का सरासर उल्लंघन किया जा रहा है।

कोटा थर्मल से लगभग 4 रूपये प्रति यूनिट की दर से बिजली पैदा की जा रही है, जिसे डिस्कॉम द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 10 रूपये यूनिट की दर से बेचा जाता है। इसके बावजूद डिस्कॉम कम्पनियां विद्युत उत्पादन निगम को बकाया राशि का भुगतना नहीं कर रही है, जिससे निगम के बिजलीघरों के समक्ष कोयला संकट सहित वेतन भुगतान की समस्याएं खड़ी हो गई हैं।

ठेका श्रमिकों ने बताया कि करोना की तीसरी लहर एवं महंगाई की मार से परिवारों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। प्रतिमाह किराना, बच्चों की फीस, बिजली के बिल एवं मकान किराया देने के लिये उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

वेतन नहीं मिलने से कई मजदूर 6 माह से मकान किराया नहीं दे पा रहें हैं। समय पर वेतन देने की मांग करने पर संवेदक उन्हें काम से निकालने की धमकी देते हैं।

उन्होंने थर्मल प्रशासन से मांग की कि श्रमिकों का बकाया वेतन शीघ्र दिलवाने के लिये कठोर कदम उठायें।

शेखावत ने कहा कि कोटा थर्मल में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों को पिछले तीन माह से ओवरटाइम भुगतान भी नहीं किया गया है, जबकि बिना भुगतान किये उनकी अग्रिम आयकर कटौती कर ली गई है। कर्मचारी संगठनों द्वारा आवाज उठाने पर निगम प्रशासन एक ही तर्क देता है कि सस्ती बिजली खरीदकर महंगी दरों पर बेचने के बावजूद डिस्कॉम कम्पनियां उत्पादन निगम को समय पर भुगतान नहीं कर रही हैं, जिससे हर स्तर पर आर्थिक संकट पैदा हो गया है।

## मूल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समक्ष टीएसपी क्षेत्र का निवासी होने का प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए आवेदन किया। उसका आवेदन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि वह वर्तमान में जिस स्थान पर निवास करती है वह टीएसपी क्षेत्र में शामिल नहीं है। अत: उसे यह प्रमाण पत्र नहीं दिया जा सकता।

**कोर्ट ने कहा- मूल निवास नहीं बदला जा सकता :**

न्यायाधीश दिनेश मेहता ने अनिता का पक्ष सुनने के बाद कहा कि सिर्फ शादी होने के आधार पर किसी का मूल निवास स्थान नहीं बदल सकता। शादी से पहले यदि वह ट्राइबल सब प्लान(टीएसपी) क्षेत्र में रहती थी तो वह विशेष मूल निवास(टीएसपी) प्रमाण पत्र की हकदार है।

खंडपीठ ने अनिता से कहा कि वह इस फैसले की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ बड़ी सादड़ी के तहसीलदार के समक्ष नए सिरे से आवेदन करें। साथ ही कोर्ट ने तहसीलदार को आदेश दिया कि वह पंद्रह दिन के भीतर इस मामले का निस्तारण करें।

## रणथंभौर: टैरिटोरियल फाइट में पैंथर की मौत

- बताया जाता है कि, पैंथर की किसी बाघ से लड़ाई हुई थी।

सवाई माधोपुर, 20 जनवरी (निस) । सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर टाइगर रिजर्व के रवाजना डूंगर क्षेत्र के कालीभाट नाका वन क्षेत्र में एक पैंथर का शव मिला है। मृत पैंथर का पोस्टमार्टम करने वाले डा. राजीव गर्ग का मानना है कि इसकी मौत टैरिटोरियल फाइट में हुई है। इस पैंथर का किसी बाघ के साथ खूनी संघर्ष हुआ है।

पैंथर का शव मिलने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पंहुँची और उसे कब्जे में लेकर राजबाग नाका वन चौकी पहुँचाया गया । जहां वनाधिकारियों की मौजूदगी में उसका पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार किया गया।

## सीसीटीवी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एक सवारी उतारी थी, पर एक्सीडेंट नहीं देखा। पुलिस का मानना है कि बाइक अचानक आई थी, जो बगल से निकली। उसी दौरान बालिका को बाइक से टक्कर लगी है। घटना सीसीटीवी में इसलिए नहीं आई कि बस की आड़ हो गई थी।

पुलिस को सीन रिक्रिएट करने के लिए दो बार जाना पड़ा। पहली बार पुलिस पहुंची तो वहां भीड़ एकत्रित हो गई। आधी-अधूरी तैयारी के बाद पुलिस को लौटना पड़ा। बुधवार आधी रात बाद पुलिस और एफएसएल टीम दोबारा घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद सीन रिक्रिएट किया गया। मामले को लेकर एक समुदाय विशेष आंदोलन की तैयारी में हैं। अलवर बंद कराने की रणनीति भी बनाई जा रही है। इस कारण पुलिस पर दबाव भी है कि जल्दी मामले का खुलासा किया जाए। सरकार इस मामले में पहले ही सीबीआई जांच की सिफारिश कर चुकी है।

## ब्रिटेन लगभग...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किसी संक्रमण से ठीक हो जाने के सबूत की कोई जरूरत नहीं रहेगी।

जॉनसन ने कहा, ''हम इंग्लैंड की जनता के फैसले पर आस्था रखेंगे। हमारा देश ओमक्रॉन की लहर से सबसे पहले उबरने वाला देश है।''

ताजातरीन जानकारी के अनुसार, जॉनसन की ''कन्ज़र्वेटिव पार्टी का एक सदस्य बुधवार को पार्टी छोड़कर ''लेबर पार्टी'' में चला गया। उस सदस्य ने कहा कि उसने अविश्वास प्रस्ताव की जरूरत बताने वाला एक पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। जॉनसन इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वह सदस्य इस्तीफा नहीं देगा। इगलैंड में कोविड केसों की संख्या बहुत अधिक बनी हुई थी, लेकिन पिछले सप्ताह की तुलना में अभी हाल के सात दिन में केसो की संख्या 39 प्रतिशत कम हो गई थी।

## विदेशी पक्षी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हजारों प्रवासी पक्षियों ने डेरा डाल रखा है। अगर बर्ड फ्लू की दस्तक होती है तो ये इन पक्षियों के लिए बहुत बड़ा खतरा साबित हो सकता है।

# शादियों में पुन: 100 मेहमान बुलाने की छूट दी राज्य सरकार ने

### गृह विभाग ने 22 दिन में छठी बार गाइडलाइन जारी की

- वीकैन्ड कर्फ्यू सिर्फ शहरी क्षेत्र में रहेगा, जबकि नाइट कर्फ्यू पूरे प्रदेश में जारी रहेगा।
- होटल व मैरिज हॉल वालों को बुकिंग रद्द करने पर रीफण्ड देना होगा।
- 1 फरवरी से सभी बाजारों, दफ्तरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को, अपने कार्मिकों को वैक्सीन की दोनों डोज़ लगे होने की सूचना सार्वजनिक बोर्ड पर लगानी होगी।

जयपुर, 20 जनवरी (कासं)। प्रदेशभर में होने वाले शादी-समारोह में अब 100 मेहमान इकट्ठा हो सकेंगे। बैंड-बाजा वादक अलग से होंगे। गृह विभाग ने 22 दिन में गाइडलाइन जारी करके पाबंदियों में छठी बार फेरबदल किया। अब वीकैंड कर्फ्यू (शनिवार रात 11 बजे से सोमवार सुबह 5 बजे तक) प्रदेशभर के बजाय सिर्फ शहरी क्षेत्रों में लागू रहेगा। जबकि पूरे प्रदेश में प्रत्येक रात 11 से सुबह 5 बजे तक रहने वाला नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा। गृह विभाग की यह गाइडलाइन 24 जनवरी से लागू होगी।

दरअसल राज्य सरकार ने पिछली गाइडलाइन में कहा था कि गांवों की शादियों में 100 तथा शहरों में 50 मेहमान इकट्ठा हो सकेंगे। इस नई गाइडलाइन में शहर और गांव दोनों में यह संख्या बराबर कर दी गई है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में वीकेंड कर्फ्यू शनिवार रात 11 बजे से सोमवार सुबह 5 बजे तक पहले की तरह ही रहेगा। हालांकि हर दिन रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू प्रदेश भर में लागू होगा। वीकेंड कर्फ्यू में 14 कैटेगरी को पहले दी गई छूट जारी रहेगी। किराना की दुकानें, फल-सब्जी मंडी और इसकी दुकानें, दूध डेयरी, मेडिकल दुकानें पूर्ववत खुली रहेंगी।

1 फरवरी से सभी बाजारों, दफ्तरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को अपने यहां काम करने वालों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाने की सूचना सार्वजनिक रूप से बोर्ड पर लगानी होगी। जिन दफ्तरों, बाजारों और प्रतिष्ठानों पर यह सूचना चस्पा नहीं होगी, उनके खिलाफ महामारी एक्ट में कार्रवाई होगी। नई गाइड लाइन में यह प्रावधान किया गया है कि करोना के कारण कोई होटल या मैरिज गार्डन की बुकिंग रद्द करवाता है या डेट आगे करता है तो पैसा रिफंड करना होगा।

ज्ञात रहे कि करोना महामारी को लेकर सरकार बीते 22 दिन में 6 गाइडलाइन जारी कर चुकी है। सबसे पहले 29 दिसंबर को गाइडलाइन जारी की गई। इसके बाद 2 जनवरी और 5 जनवरी को। फिर 9 जनवरी को गाइडलाइन जारी करके संडे कर्फ्यू, रात 8 बजे बाजार बंद करने, शहरों में 12वीं तक के स्कूल बंद करने जैसी पाबंदियां लगाईं। गत 13 जनवरी को संशोधित गाइडलाइन जारी कर संडे कर्फ्यू में आवश्यक वस्तुओं की दुकानों को छूट दी गई। अब 20 जनवरी की गाइडलाइन में शादी समारोह में 100 लोगों के शामिल होने की अनुमति दी है।

## यू.पी. चुनाव...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के सपा की ओर खिंच आने की संभावना रहेगी। भाजपा के नजरिये के हिसाब से अगर यादव उसके जाल में फँस जाते हैं तथा अपना नामांकन पत्र भर देते हैं तथा पार्टी (भाजपा) को यह अवसर मिल जायेगा कि वह अखिलेश को एक ही सीट से बाँधे रखे तथा उन्हें पूरे राज्य में प्रचार करने के लिये थोड़ा बहुत समय ही मिल पाये। लेकिन सार्वजनिक ''फिज़ीकल'' जनसभाओं पर लगी चुनाव आयोग की रोक की अवधि के बढ़ने की संभावना के चलते चुनाव लड़ना यादव के लिए नुकसान का सौदा नहीं होगा।

## राहुल व प्रियंका यू.पी. चुनाव का घोषणा पत्र आज जारी करेंगे

- दोनों नेता नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय से ही यू.पी. चुनाव घोषणा पत्र जनता के समक्ष पेश करेंगे।

नई दिल्ली, 20 जनवरी (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को नई दिल्ली पार्टी मुख्यालय में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे।

कांग्रेस ने कहा है कि प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी शुक्रवार दोपहर 12 बजे पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे। करोना से बचाव के लिए सरकार पर कदम उठाने का दबाव बनाने वाले राहुल गांधी ऐसे समय में यह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रहे हैं जब राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना नियमों के पालन के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी हुये हैं। कांग्रेस के लिए इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन बड़ी चुनौती होगा।

# 2020 के दिल्ली दंगों में पहली सजा

### दिल्ली सैशन कोर्ट ने दिनेश नाम के युवक को लूटपाट, दंगे फैलाने एवं आगजनी के मामले में दोषी मानते हुये पांच साल कैद की सजा सुनाई

नई दिल्ली, 20 जनवरी (वार्ता)। राजधानी दिल्ली में 2020 के दंगे के एक मामले में यहां की एक अदालत ने गुरुवार को एक व्यक्ति को पांच साल कैद की सजा दी।

माना जाता है वर्ष 2020 के दंगों के मामले में पहली बार किसी व्यक्ति को सजा मिली। इससे पहले कई आरोपी रिहा हो गए थे।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र भट्ट की अदालत ने दिनेश यादव को दंगा, लूटपाट और आगजनी समेत विभिन्न आपराधिक मामलों में परिस्थिति जन्य सबूतों के आधार पर दोषी ठहराते हुए में सजा दी।

पूर्वी दिल्ली की कड़कड़डूमा स्थित इस अदालत ने गत छह दिसंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

यह मामला गोकुलपुरी के भागीरथी विहार का है, जहां 25 दिसंबर 2020 को दंगे हुए थे। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि 150-200 लोगों की बेकाबू भीड़ ने कई मकानों पर हमले किए थे। बेकाबू लोगों की भीड़ द्वारा लूटपाट और आगजनी की घटनाएं की गई थी। दिनेश की पड़ोसी एक मुस्लिम परिवार ने लूटपाट आगजनी एवं दंगा करने के आरोप लगाया थे। दिनेश को तीन जून 2020 को एक अन्य अपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## विधानसभा सत्र

- 15वीं राजस्थान विधानसभा का सप्तम अधिवेशन 9 फरवरी से

जयपुर 20 जनवरी । राज्यपाल कलराज मिश्र ने 15वीं राजस्थान विधानसभा के सप्तम अधिवेशन को बुधवार 9 फरवरी को प्रात: 11.00 बजे आहूत किया है । इस संबंध में राजस्थान विधान सभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा की ओर से राजस्थान राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित करवाई गई। इससे पहले राजस्थान मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र आहूत करने को लेकर अपनी अनुशंसा की थी।

## एक के बाद एक सर्वे...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बाइडन ने राष्ट्र को एकजुट करने को लेकर चुनाव प्रचार किया था और पिछले वर्ष 6 जनवरी को दिए गए अपने भाषण में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा था: ''मैं राष्ट्रपति पद की शक्ति में विश्वास करता हूँ और उसका उद्देश्य इश देश को एकजुट करना है, ना कि विभाजित करना (उद्देश्य हमें ऊपर उठाना है, ना कि हमारी धज्जियां उड़ाना। यह ''हमारे'' लिए, ''हमारे'' लिए होना चाहिए ना कि ''मेरे'' लिए।''

वाइट हाउस के लिए और निराशाजनक यह है कि अधिकांश प्रतिभागियों (42 प्रतिशत) ने कहा कि उनका मानना है के राष्ट्रपति के रूप में बाइडन का प्रदर्शन अगले तीन वर्षों में और खराब होगा। इस बीच, 29 प्रतिशत वोटर्स ने कहा कि, उनका मानना है कि इसमें सुधार होगा और 23 प्रतिशत ने कहा कि बाइडन का प्रदर्शन फिलहाल जैसा है, वैसा ही रहेगा।

उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को मिले अंक भी निराशाजनक हैं। प्रतिभागियों से जब यह पूछा गया कि हैरिस के प्रति वे कोई अनुकूल राय रखते हैं या प्रतिकूल, तो आधे से भी अधिक 54 प्रतिशत ने कहा कि हैरिस को लेकर उनकी राय प्रतिकूल है। चूंकि डैमोक्रेट्स का लक्ष्य इस वर्ष के मध्यावधि चुनावों में कांग्रेस को अपने नियंत्रण में रखना है, ऐसे में जनता की राय बाइडन सरकार के लिए एक गंभीर समस्या है, लेकिन चुनाव सर्वेक्षणों में दोनों पार्टियों में बराबर की टक्कर मानी जा रही है क्योंकि 41 प्रतिशत वोटर्स ने कहा कि चुनाव आज ही कराए जाए तो वे कांग्रेस के लिए डैमोक्रेट उम्मीदवार को अपना समर्थन देंगे, जबकि 42 प्रतिशत ने कहा कि वे रिपब्लिकन उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ ने कहा कि स्थिति ज्यादा उत्सावर्धक नहीं है कि इस प्रार्थना पर विचार किया जा सके। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ 20 जज के सहारे काम हुआ जिन्हें दस बैंचों में तैनात किया गया था। हरेक बैंच में दो-दो जज थे। सर्वोच्च न्यायालय में कुल 32 जज हैं। लेकिन गुरुवार को 12 जज अनुपलब्ध थे क्योंकि उन्हें कोविड संक्रमण हो गया है। वैसे सुप्रीम कोर्ट में कुल 34 जज होने चाहिए दो पद अभी रिक्त है। एक नम्बर कोर्ट के मुखिया चीफ जस्टिस एन.वी. रमना हैं एक नम्बर कोर्ट में गुरुवार को काम नहीं हुआ। दो नम्बर कोर्ट के मुखिया उदय उमेश उलित भी नहीं बैठे। जस्टिस ललित के कोर्ट ने बुधवार को भी काम नहीं किया। शुक्रवार के लिए जारी कॉज़ लिस्ट के अनुसार कुछ दिनों तक यही स्थिति रहेगी तथा दस बैंचों में 20 जजों की तैनाती होगी।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को दूसरा पारिवारिक झटका लगा

### मुलायम सिंह यादव के साढ़ू एवं पूर्व विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता ने भाजपा जॉइन की

- लखनऊ में प्रमोद गुप्ता के साथ कांग्रेस की पोस्टर गर्ल के नाम से चर्चित रही डा. प्रियंका मौर्या ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

लखनऊ, 20 जनवरी। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी को परिवार से ही दूसरा झटका मिला है। समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव (नेताजी) के साढ़ू पूर्व विधायक प्रमोद गुप्ता भाजपा में शामिल हो गए। लखनऊ में उनके साथ कांग्रेस की पोस्टर गर्ल डा. प्रियंका मौर्या ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

समाजवादी पार्टी के औरैया के बिधूना से 2012 में विधायक रहे प्रमोद कुमार गुप्ता के साथ कांग्रेस की पोस्टर गर्ल डा. प्रियंका मौर्या, अयोध्या की लोक गायिका वंदना मिश्रा तथा कानपुर की गोविन्द नगर सीट से बसपा के प्रत्याशी रहे सुनील शुक्ला ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा ज्वाइनिंग कमेटी के प्रमुख पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. लक्ष्मीकांत बाजपेई ने इन सभी को पार्टी सदस्यता दिलाई।

भाजपा में शामिल होने के बाद औरैया के बिधूना से विधायक रहे प्रमोद कुमार गुप्ता ने अखिलेश यादव पर बेहद गंभीर आरोप लगाया। मुलायम सिंह के साढ़ू प्रमोद गुप्ता ने कहा कि अखिलेश यादव ने तो नेताजी को बंधक बना रखा है। समाजवादी पार्टी में तो गुंडों का ही बोलबाला है। प्रमोद गुप्ता बोले कि अखिलेश यादव चाटुकारों से घिर गए हैं। मुलायम सिंह बुजुर्ग हो गए हैं। उनकी बात अब न अखिलेश सुनते हैं और न ही पार्टी में कोई सुनता है। अखिलेश ने मुलायम को बहुत रुलाया है।

आज उनकी यह हालत अखिलेश की वजह से ही है।

## एंजेला मर्केल ने यू.एन. में बड़ा पद ठुकराया

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने यू.एन में हाई रैंक का पद देने का प्रस्ताव रखा था जिसे मर्केल ने हाथों-हाथ खारिज कर दिया।

बर्लिन, 20 जनवरी (वार्ता)। जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के संयुक्त राष्ट्र में हाई रैंक पद लेने के प्रस्ताव से इनकार कर दिया है।

पोलिटिको ने बुधवार को पूर्व चांसलर के कार्यालय के एक अधिकारी के हवाले से कहा, मर्केल ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासचिव से फोन पर बात की, उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करेंगी।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते महासचिव ने मर्केल को वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं पर संयुक्त राष्ट्र सलाहकार बोर्ड का नेतृत्व करने की पेशकश की थी।

# अमेरिका ने यूक्रेन पर रूस के हमले की प्रबल आशंका जताई

### अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, यूक्रेन पर हमला हुआ तो रूस ही उसका जिम्मेदार होगा, लेकिन ऐसा करने पर रूस को भी माकूल जवाब दिया जायेगा

- बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा है कि, अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो हम रूस पर ऐसे कड़े प्रतिबंध लगाएंगे जो उन्होंने कभी नहीं देखे होंगे।

वॉशिंगटन, 20 जनवरी। यूक्रेन को लेकर अमेरिका और रूस के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। मामले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि यूक्रेन पर हमला करने पर रूस को जवाबदेह ठहराया जाएगा। रूस अगर यूक्रेन पर हमला करता है तो रूस के लिए बहुत बड़ी मुसीबत का वक्त होगा। हमारे साथी और सहयोगी रूस और उसकी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार हैं। बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो हम रूस पर ऐसे प्रतिबंध लगाएंगे जो उन्होंने कभी नहीं देखे होंगे।

वाइट हाउस की प्रेस सचिव जेस साकी ने भी रूस को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर रूसी सेना यूक्रेन बॉर्डर को पार करती है तो उन्हें अमेरिका और उसके सहयोगियों से गंभीर और एकजुट प्रतिक्रिया मिलेगी। साकी ने कहा है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ स्पष्ट हैं। यदि कोई रूसी सैन्य बल यूक्रेनी सीमा के पार जाता है तो यह आक्रमण है और इसका अमेरिका और उसके सहयोगियों की ओर तेजी से गंभीर और एकजुट प्रतिक्रिया दी जाएगी।

साकी ने आगे बताया है कि राष्ट्रपति बाइडन अपने लंबे अनुभव से जानते हैं कि रूसियों के पास साइबर हमले और अर्धसैनिक रणनीति सहित सैन्य कार्रवाई से कम आक्रामकता की एक व्यापक प्लेबुक है। उन्होंने आज पुष्टि की है कि रूसी आक्रामकता के उन कृत्यों को एक निर्णायक, पारस्परिक और एकजुट प्रतिक्रिया के साथ पूरा किया जाएगा।

इसके बीच यूक्रेन के मसले पर अमेरिका और रूस के बीच तनाव को दूर करने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कीव की यात्रा की है। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाकात की और बताया कि रूसी सेना बहुत ही कम नोटिस पर हमला कर सकती है। करीब एक लाख रूसी सैनिक सीमा पर जमा हो गए हैं।

बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए रक्षात्मक सैन्य सहायता में अतिरिक्त 200 मिलियन डॉलर की मंजूरी दी है। इसके अलावा, ब्लिंकन 22 जनवरी को जिनेवा में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मिलने वाले हैं।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: घूघरा घाटी, जयपुर रोड, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स: 0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908